समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# भूमि विकास बैकं के चेयरमैन राजेद्रं सिहाग का रावतसर बार संघ द्वारा हुआ सम्मान समारोह।

Publisher

Published on 03 Jun 2025



## अधिवक्ता समाज ने किया भव्य स्वागत, किसानों के हित मे कांम करने का दिया भरोसा।

सवांदाता,रावतसर,राजस्
थान

**रावतसर (राजस्थान):** अभिभाषक संघ रावतसर की ओर से आज **भूमि विकास बैकं के नव नियुक्त चेयरमैन राजेद्रं सिहाग** का **बार रूम मे भव्य सम्मान समारोह** आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में **अधिवक्ताओं** और **सामाजिक कार्यकर्ताओं** की उपस्थिति रही, और **राजेद्रं सिहाग** को माला पहनाकर, साफा बांधकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि**

**कार्यक्रम की अध्यक्षता :** बार संघ अध्यक्ष कमल पांडे

विशिष्ट अतिथि: **लोक अभियोजक उमेश शर्मा,भाजपा नेता विनोद मुंड,रमेश शर्मा,वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम कसवां,**

**मंच संचालन : रामनिवास वर्मा**

**वक्ताओं के विचार**

वक्ताओं ने अपने संबोधन में राजेंद्र सिहाग को भूमि विकास बैंक का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और कहा कि—"यह वकील समुदाय और किसानों दोनों के लिए शुभ संकेत है। सिहाग एक जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं और निश्चित रूप से किसान हित में महत्वपूर्ण

कार्य करेंगे।”

**राजेद्रं सिहाग का संबोधन**

**राजेद्रं सिहाग** ने सम्मान समारोह में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा:

“मैं सरकार की किसान कल्याण योजनाओं के तहत ऋण वितरण का कार्य भूमि विकास बैंक के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाऊंगा। किसानों की समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण किया जाएगा और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी।”

उन्होंने **बार संघ अध्यक्ष, कार्यकारिणी** और **अधिवक्ताओं** का इस सम्मान समारोह के आयोजन के लिए विशेष आभार जताया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.